# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 5 (2019-20)

## हिन्दी - ब (कोड-85)

## कक्षा- 10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 10**

प्राचीन काल में शनि को अमंगलकारी ग्रह समझ लिया गया था। पौराणिक आख्यानों के आधार पर शनि, सूर्य के पुत्र हैं। भैंसा इनका प्रिय वाहन है और इनको तेल अत्यंत प्रिय है। सत्य यह है कि शनि सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है। पुराने समय में लोग इसकी सुंदरता को देखने में असमर्थ थे। सुनी-सुनाई बातों के आधार पर लोगों में इस ग्रह के बारे में भ्राँतियाँ फैलती चली गईं। आधुनिक खोजों ने सिद्ध किया है कि दूरबीन से शनि ग्रह को देखा जाए तो पुराने ख्याल बदल जाएँगे।

ग्रहों के क्रमानुसार सौरमंडल में शनि का स्थान छठे नम्बर पर है। यह ब्रहस्पति और यूरेनस के मध्य सूर्य की परिक्रमा करता है। यह ग्रह अत्यंत मंद गति से सूर्य के चारों ओर करीब तीस वर्ष में एक चक्कर पूरा करता है। शनि का दिन हमारे दिन से छोटा होता है। शनि अत्यंत ठंडा ग्रह है। शनि के वायुमण्डल का तापमान शून्य से 150 सेन्टिग्रेड नीचे रहता है। अतः यहाँ जीवन संभव नहीं है।

पुराने समय में सौरमण्डल में केवल एक चंद्रमा की जानकारी थी। वैज्ञानिक खोजों के आधार पर अनेक चंद्रमाओं की खोज कर ली गई है। खोजों के बाद अब शनि उपग्रहों की संख्या सत्रह हो गई है। पूरे सौरमण्डल में साठ उपग्रहों की खोज की गई है। शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा टाइटन है। यह उपग्रह हमारे चंद्रमा से काफी बड़ा है। टाइटन की अद्‌भुत विशेषता इसका वायुमण्डल है। इसके वायुमण्डल में मीथेन गैस पर्याप्त मात्रा में है। इस पर मीथेन, पानी की तरह मानी जा सकती है। शनि को दूरबीन से देखा जाए तो इसके चारों ओर वलय या घेरे दिखाई देते हैं। इन वलयों या छल्लों से इसकी सुंदरता काफी बढ़ जाती है। इन वलयों की खोज गैलीलियों ने की थी। नई खोजों के आधार पर सौरमण्डल के कई ग्रहों के वलयों की खोज हो चुकी है। शनि जितने सुंदर और स्पष्ट वलय किसी ग्रह के नहीं हैं।

1. प्राचीनकाल में शनि को कैसा ग्रह समझा जाता था? इनको क्या प्रिय है? 2
2. पुराने समय में शनि के बारे में क्या भ्रांतियाँ थीं? आधुनिक खोजों में किस सत्य का पता चला है? 2
3. ग्रहों के क्रमानुसार शनि का कौनसा स्थान है? इसकी गति और इसके वायुमण्डल के तापमान के बारे में बताइए। 2
4. शनि के कितने उपग्रह (चंद्रमा) हैं? इसका सबसे बड़ा उपग्रह कौनसा है तथा इसकी क्या विशेषता है? 2
5. अत्यंत तथा सुंदरता शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग एवं प्रत्यय बताइए। 1
6. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

**2. रेखांकित शब्द, शब्द है या पद, पहचान कीजिए। 1**

राम, <u>श्याम</u> और गीता

**3. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए। $1 \times 3 = 3$**

1. हर जगह मोदी जी का भव्य स्वागत हुआ। (मिश्र वाक्य में)

2. वह पीड़ा से कराहता है। (संयुक्त वाक्य में)
3. मुझे ज्वर था इसलिए मैं स्कूल नहीं जा सका। (सरल वाक्य में)

4. **1. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए–** $1 \times 2 = 2$
नीलांबर, राजपुत्र।
2. निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। $1 \times 2 = 2$
भ्राता का स्नेह, राह के लिए खर्च।

5. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** $1 \times 4 = 4$
1. मेरे को घर जाना है।
2. तुमने यह क्या करा?
3. शहीदों का देश सदा आभारी रहेगा।
4. अध्यापिका से संस्कृत पढ़ाई है।

6. **निम्नलिखित मुहावरों को अपने वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए।** $1 \times 4 = 4$
1. आकाश–पाताल एक करना
2. अंधे की लाठी
3. ईद का चाँद होना
4. आस्तीन का साँप

## खण्ड–ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) 28

7. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** $2 \times 3 = 6$
1. लेखक की माँ ने पूरे दिन का रोजा क्यों रखा?
2. वृजलाल गोयनका किस प्रकार पकड़े गए? डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर बताइए।
3. घुड़सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए?
4. दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया?

8. **बड़े भाई साहब पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर–तरीकों पर व्यंग्य किया है? क्या आप उनके विचार से सहमत हैं? 80–100 शब्दों में बताइए** 5।

**अथवा**

**गिन्नी का सोना पाठ में क्या संदेश दिया गया है? 80–100 शब्दों में बताइए।**

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** $2 \times 3 = 6$
1. कर चले हम फिदा, कविता में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है?
2. सच्चे मन में राम बसते हैं, बिहारी के दोहे के संदर्भानुसार स्पष्ट कीजिए।
3. **आत्मत्राण** कविता के आधार पर बताइए कि हमारा परमात्मा के प्रति कैसा भाव होना चाहिए?
4. उदार व्यक्ति की पहचान कैसे हो सकती है?

10. **मीरा की भक्ति–भावना पर 80–100 शब्दों में प्रकाश डालिए।** 5

**अथवा**

**दोहों के आधार पर कवि बिहारी की शैली की विशेषताएँ 80–100 शब्दों में लिखिए।**

11. **1. टोपी जहीन (बुद्धिमान) होने के बावजूद कक्षा में दो बार फेल हो गया। जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों से हार मान लेना कहाँ तक उचित है? अपने विचार 60–70 शब्दों में लिखिए।** 3

2. अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ कैसे रखते हैं? कहानी के आधार पर 60–70 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। 3

## खण्ड–घ (लेखन) **26**

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **6**

**(1) परहित सरिस धर्म नहिं भाई।**

✲ मनुष्यता की कसौटी ✲ जीवन की सार्थकता ✲ परोपकार से आनंद की अनुभूति

**(2) साहस।**

✲ साहस का गुण सर्वोपरि ✲ साहसी का सम्मान ✲ साहस की आवश्यकता ✲ प्रभाव।

**(3) लड़का–लड़की एक समान।**

✲ समाज में दोनों का स्थान ✲ समानताएँ ✲ लड़कों को महत्व क्यों? ✲ सृष्टि का अहम भाग।

13. **आपका पानी का मीटर खराब पड़ा है और इस कारण सही भुगतान नहीं हो पा रहा है। कार्यपालक अभियंता को इस संबंध में एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए।** **5**

**अथवा**

**अपनी श्रेष्ठ उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानाचार्य को अपने विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में विज्ञान वर्ग में प्रवेश देने के लिए आवेदन–पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए।**

14. **आप विद्यालय की पत्रिका समिति की अध्यक्षा हैं। पत्रिका छपने का समय निकट है। छात्रों से विद्यालय की पत्रिका के लिए लेख–कविताएँ आदि आमंत्रित करने हेतु सूचना 40–50 शब्दों में जारी करें।** **5**

**अथवा**

**क्वीन मेरीज स्कूल की साहित्य संगठन की अध्यक्षा होने के नाते छात्राओं को कविता प्रतियोगिता के आयोजन की सूचना 40–50 शब्दों में दीजिए।**

15. **प्रतिदिन बढ़ते कंकरीट के जंगल विषय पर बिल्डर और छात्र के बीच होने वाले संवाद को 50–60 शब्दों में लिखिए।** **5**

**अथवा**

**रेलयात्रा के दौरान दो यात्रियों की बातचीत को लगभग 50 –60 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।**

16. **आपके शहर में साड़ियों की सेल लगी है। इसके लिए 25–50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।** **5**

**अथवा**

**नाखूनों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नेलपॉलिश का विज्ञापन 25–50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and p aper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.

To Get 20 Solved Paper Free PDF by whatsapp add +91 89056 29969 in your class Group